>

Title: Need to mitigate the sufferings of people residing in the vicinity of Bharat Oman Refineries Limited, Bina (Madhya Pradesh).

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): मध्य प्रदेश के बीना में स्थित भारत ओमान रिफायनरी लिमिटेड में प्रबंधन की लापरवाही से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। लगातार रिफायनरी से गैस लीक होने के कारण आसपास के ग्रामों की जनता बीमार हो रही है। स्कूलों के बच्चों को उल्टियां हो रही हैं। जिस कारण से सभी स्कूल बंद हैं। रिफायनरी के द्वारा रेलवे ट्रैक से रिफायनरी तक सड़क मार्ग से परिवहन कर खुला कोयला ले जाया जा रहा है, जिससे रास्ते की बस्तियों से जो कोक निकल रहा है, वह कोक बाहर खुले में पड़ा है। जिसकी दुर्गन्ध चारों तरफ फैली हुई है। जो सल्फर निकल रहा है उसे खुले ट्रकों में भरकर भेजा जा रहा है। इससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। रिफायनरी की लापरवाही से क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। अतः इस संबंध में तत्काल कार्रवाई अपेक्षित है।